हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार, 19 दिसंबर , 2023

तापमान
अधिकतम 21.0 डिग्री
न्यूनतम 6.0 डिग्री

9 वंचित लोगों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

10 लूट के आरोपितों को गिरफ्तार करने की मांग


# प्रॉपर्टी टैक्स के बकायेदारों पर शिकंजा, हर वार्ड में 25 लोगों की लिस्ट बनाई, नोटिस भेजने शुरू

## ■ सरकारी और गैर सरकारी भवनों की भी बनाई जा रही सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

प्रॉपर्टी टैक्स के बकायेदारों पर अब शिकंजा कसा जाएगा। नगर निगम ने इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। कर शाखा की टीम ने हर वार्ड के बकायेदारों की लिस्ट बनाई हैं। जिन्होंने काफी समय से बिल का भुगतान नहीं किया है। उनको नोटिस थमा कर कार्रवाई की जाएगी। हर वार्ड में शुरूआत में 25 लोगों की लिस्ट बनाई जा रही है।

■ पहले लखपति बकायदारों को भेज जाएंगे नोटिस

जिन पर लाखों का भुगतान बकाया है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर नोटिस भेजे जाएंगे। इसके बाद एक लाख रुपये से कम राशि वाले बकायेदारों को नोटिस भेज कर कार्रवाई की जाएगी। कई वार्डों में नोटिस भेजने का काम शुरू किया गया है। दरअसल, निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह ने हाल ही में कर शाखा के अधिकारियों की मीटिंग ली थी। जिसमें उन्होंने एनडीसी पोर्टल के कार्य की समीक्षा की और लोगों से ज्यादा से ज्यादा बिल भरवाने के लिए कहा। कर शाखा के अधिकारियों ने बताया कि 15 प्रतिशत से ज्यादा लोग ऐसे हैं जिन्होंने अभी तक बिल नहीं भरे हैं। आयुक्त ने आदेश दिए कि इन लोगों की लिस्ट बनाई जाए।

इसके बाद टीम इनके घर पर जाकर नोटिस देकर आए। फिर भी बिल जमा नहीं करवाया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि सरकार की तरफ से बिल भरने के लिए छूट दी गई है ताकि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग टैक्स जमा करवाएं। रिहायशी कॉलोनियों के बाद सरकारी एवं गैर सरकारी भवनों का भी डाटा खंगाला जाएगा। गौरतलब है कि शहर में करीब दो लाख प्रॉपर्टी टैक्स के दायरे में आते है।

### नगर निगम कार्यालय में बढ़ेंगे काउंटर

हाल ही में सेक्टर निवासियों ने निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह से मुलाकात कर मांग की थी कि सेक्टर में कैंप लगाए जाएं। यहां के लोगों के प्रॉपर्टी टैक्स बिल काफी संख्या में गलत बने हुए हैं। इसके बाद सेक्टर में शनिवार और रविवार को कैंप लगाकर लोगों के बिल ठीक किए गए, लेकिन कैंप में आने वाले लोगों की तादाद काफी कम रही। इसलिए अब कैंप नहीं लगेंगे। नगर निगम कार्यालय में ही काउंटरों की संख्या बढ़ाई जाएगी। जहां बिल ठीक किए जा सकेंगे।




### हर वार्ड में भेजे जाएंगे नोटिस

हर वार्ड के प्रॉपर्टी टैक्स के बकायेदारों की लिस्ट बनाई जा रही है। जिन लोगों पर ज्यादा बकाया है उनका लिस्ट में नाम लिखा जाएगा। इन लोगों को नोटिस भेजे जा रहे हैं। इसके अलावा बिल भरने पर सरकार की तरफ से छूट भी चल रही है। जिसका लोगों को फायदा उठाना चाहिए।

-अशोक शर्मा, जेडटीओ, नगर निगम

# पुलिस कार्रवाई से भड़के रेहड़ी संचालक, प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पुलिस प्रशासन के खिलाफ सोमवार को रेहड़ी संचालकों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा उन्हें जबरन हटाया जा रहा है। ऐसे में वे कहां पर जाएं। पुलिस द्वारा सड़क किनारे लगाई जाने वाली रेहड़ियों को हटाने के विरोध में सभी रेहड़ी संचालकों ने विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद रेहड़ी चालकों ने एडीजीपी कार्यालय में भी शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की।

रेहड़ी लगाने वाली महिला शीलू ने बताया कि उसके तीन बेटियां हैं। वह और उसका पति रेहड़ी लगाकर परिवार का गुजारा चलाते हैं। पुलिस वालों द्वारा उनकी रेहड़ी को भी पलट दिया गया था।

### एडीजीपी कार्यालय में दी शिकायत



### धमकी देने का लगाया आरोप

वहीं, पुलिस वालों द्वारा धमकी भी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि वह रेहड़ी नहीं लगाएगी तो खाना कहां से खाएंगी और बच्चों को कैसे पालेंगी। इसलिए प्रशासन को उनकी तरफ ध्यान देते हुए सुविधा देनी चाहिए। रेहड़ी एसोसिएशन के प्रधान सोनू ने कहा कि पुलिस रेहड़ी वालों पर अत्याचार कर रही है। कभी रेहड़ी को पलट दिया जाता है तो कभी धमकी व मारपीट की जाती है। जिसके कारण रेहड़ी वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने ट्रैफिक के एक अधिकारी पर भी उत्पीड़न का आरोप लगाया।

# जाट शिक्षण संस्था का कॉलेजियम चुनाव चार फरवरी को : डॉ. नवनीत

**रोहतक** । जाट शिक्षण संस्था के 105 कॉलेजियम के निष्पक्ष एवं नियमानुसार चुनाव 4 फरवरी 2024 को होंगे। इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। यह जानकारी जाट संस्था के प्रशासक टीएल. सत्यप्रकाश के आदेशानुसार उनके ओएसडी डॉ. नवनीत अहलावत ने दी। इस चुनाव से संबंधित अनुसूची जाट शिक्षण संस्था की वेबसाइट www.jesrohtak.org पर डाल दी गई है। यह चुनाव हरियाणा सोसायटी पंजीकरण और विनियमन अधिनियम और नियम, 2012 तथा जाट शिक्षण संस्था के उपनियमों के अनुरूप करवाने के आदेश प्रशासक द्वारा जारी किए गए हैं। डॉ. नवनीत अहलावत ने बताया कि जाट शिक्षण संस्था का चुनाव अदालती कार्रवाई के कारण काफी लम्बे समय से नहीं हो पाया था। सरकार के आदेशानुसार संस्था के चुनाव जल्द से जल्द नियमानुसार होने चाहिए।

### एडीसी चुनाव अधिकारी

चुनाव के लिए सरकार द्वारा एडीसी रोहतक को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। वह पूरी व्यवस्था देखेंगे। चुनाव से संबंधित अधिसूचना 19 दिसंबर को जारी होगी। संस्था की वेबसाइट पर ड्राफ्ट मतदाता सूची 22 दिसंबर तक उपलब्ध करवा दी जाएगी।

# राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ की कार्यकारिणी का चुनाव आज

**रोहतक।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ रोहतक के ब्लॉक कार्यकारिणी के चुनाव 20 जनवरी 2024 से पहले संपन्न हो जाएंगे। यह जानकारी संघ के जिला प्रधान रामराज कादयान ने दी। उन्होंने बताया कि राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हरियाणा के आदेश अनुसार 20 जनवरी तक संघ के चुनाव संपन्न करवाने है। इसी कड़ी में शुरुआत करते हुए 19 दिसंबर को सांपला खंड की कार्यकारिणी का चुनाव कराया जाएगा। संघ के जिला कोषाध्यक्ष विजय हुड्डा ने बताया कि संघ में सहयोग करने के इच्छुक साथी खंड के प्रधान, उपप्रधान, सचिव, कोषाध्यक्ष आदि पदों के लिए चुनाव लड़ सकते है। चुनाव कार्यक्रम सांपला के राजकीय प्राथमिक पाठशाला में सांय 4 बजे से शुरू होगा। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

■ चुनाव कार्यक्रम सांपला के राजकीय प्राथमिक पाठशाला में सांय 4 बजे से शुरू होगा

# इंश्योरंस के नाम पर ठगी करने का आरोपित काबू

**रोहतक।** पुलिस की साइबर थाना टीम ने पिता के साथ एसबीआई इंश्योरेंस के नाम पर फ्रॉड होने से बेटे द्वारा आत्महत्या करने के मामले में आठवें आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश करके पांच दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया है। साइबर थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि 21 फरवरी 2021 को पुलिस को सूचना मिली कि ज्ञानी चोर गुफा के पास मोबाइल फोन, सुसाइड नोट व कपड़े पड़े हुए है। गुफा के पास बने कुंए में युवक की लाश मिली। सुसाइड नोट को बरामद किया गया व लाश को बाहर निकाला गया। मृतक युवक की पहचान हिमांशु निवासी गांव सैमाण के रूप में हुई। मृतक युवक के भाई अतुल की शिकायत के आधार पर थाना महम में केस दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि अतुल दो भाई है। अतुल के पिता के साथ 2016 में एसबीआई इंश्योरंस से एक करोड़ 20 लाख का फ्रॉड हो गया। जिसके बाद से हिमांशु सदमे में रहता था। 17 दिसंबर को आरोपी अभिमन्यु उर्फ अभि निवासी तोपखाना बाजार अंबाला छावनी को गिरफ्तार किया गया।



■ पुलिस ने अंबाला छावनी के अभिमन्यु को कोर्ट में पेश कर पांच दिन के रिमांड पर लिया

### वाहन चोरी के दो आरोपित गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस की टीम ने गुरु चरण पुरा में स्थित घर के सामने से हुई एक्टिवा चोरी की वारदात में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को कोर्ट में पेश करके जेल भेजा गया है। मामले में पुलिस ने आरोपी शहजाद निवासी खरखौदा व पवन को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया।



हरिभूमि सहेली
रोहतक, मंगलवार 19 दिसंबर 2023





क्रिसमस स्पेशल

आज समाज में प्रेम-करुणा के भाव लुप्त हो रहे हैं। बंधुत्व घटता जा रहा है। ऐसे में हमारे आस-पास रीतापन आएगा ही। खुशियां खो जाएंगी, हम उदासी से घिर जाएंगे। लोग अपने को अकेला, निस्सहाय समझेंगे। ऐसे में प्रभु यीशु के जन्मदिन के रूप में मनाया जाने वाला क्रिसमस का पर्व ना सिर्फ हमें नई आशाओं और उमंगों से भरता है, उनके प्रेम-सद्भाव के संदेश हमें मानवता की राह पर आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देते हैं।

# क्रिसमस प्रेम-सद्भाव के जुड़ाव का पर्व

कवर स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा

खुशी और आपसी स्नेह से भरे क्रिसमस के त्योहार का इंतजार सभी को रहता है। विदा होते साल में अपनों के साथ स्नेह-प्रेम और प्रकाश के साथ मनाया जाने वाला यह पर्व पूरे समाज को इंसानी भाव और जुड़ाव से जगमग करने का संदेश साथ लेकर आता है। अपनों का साथ इस सेलिब्रेशन को और अहम बना देता है। बंधुत्व और प्रेम-सद्भाव की भावनाओं को पोषित करने वाले प्रभु यीशु को समर्पित प्रार्थना के स्वर हर ओर गूंजते हैं।




## संवेदनाओं की सीख

पारिवारिक जीवन हो, हमारा परिवेश या सार्वजनिक स्थलों पर हमारी साझी मौजूदगी हो या फिर काम-काजी दुनिया, करुणा और संवेदना के भाव आज कहीं गुम हो गए हैं। सूखते इमोशंस और रूखा बर्ताव, जिंदगी की कड़वी हकीकत बन गया है। ऐसे में दया-करुणा और प्रेम की सकारात्मकता के लिए प्रभु यीशु के संदेश, संवेदनाओं को पोसते हैं। करुणा और दया के भाव इंसान को सेवाभावी बनाकर दूसरों की पीड़ा समझने की संवेदनाएं जगाते हैं। भविष्य के प्रति सकारात्मकता और वर्तमान को लेकर आभार का भाव मन में भरते हैं। प्रभु यीशु ने कहा है, 'भला उस आदमी का क्या लाभ, यदि वह पूरी दुनिया पा जाए और अपनी आत्मा को खो दे।' आज हर ओर सब कुछ पा लेने की भागम-भाग में संवेदनाएं खत्म हो गई हैं। ना तो एक दूजे का दुःख महसूस किया जाता है, ना ही किसी के टूटने-बिखरने की मनःस्थिति समझी जाती है। ऐसे में क्रिसमस के उत्सवीय रंग एक-दूसरे को समझने, शांति और प्रेम के साथ रहने के विचार को बल देते हैं। यीशु ने भी यही कहा, 'ईश्वर अपने सभी बच्चों से बेहद प्यार करता है। हमें सभी के साथ प्रेम-सम्मान का रिश्ता बनाना चाहिए।' घर के आंगन से लेकर गिरिजाघरों की जगमगाती सजावट के बीच क्रिसमस का उत्सव, प्रेम-सम्मान की ऐसी ही सकारात्मक उमंगों का संचार करता है।

## आशाओं में विश्वास

केक, केरोल्स और कैंडीज के साथ मनाया जाने वाला यह उत्सव, उम्मीदों को भी आधार देता है। बहुत से देशों में क्रिसमस के आस-पास छुट्टियां शुरू हो जाती हैं। छुट्टियों के इन दिनों में बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी सेलिब्रेशन के मूड में आ जाते हैं। इससे हंसी-खुशी के परिवेश में साथ रहते हुए, दूसरों की मदद करने और भाईचारे को बनाए रखने की सीख मिलती है। परोपकार की सीख देने वाला यह पर्व आशाओं को मन में जगह देने और पूरा होने के निश्छल विश्वास की भी सीख देता है। सैंटा के आने और उपहार दे जाने में बच्चे ही नहीं, बड़े भी एक विश्वास का भाव महसूस करते हैं। देवदूत के काल्पनिक अवतार के रूप में उपहार लेकर सैंटा क्लॉज का आना, फेस्टिव उमंगों का सबसे सुंदर हिस्सा है।

सवालों से परे भरोसे को पोसता यह मानवीय आस्था का बहुत ही प्यारा भाव है, जो असल जिंदगी में भी बेहतरी की उम्मीदों को बल देता है। स्वयं को हर हाल में थाम लेने की शक्ति देता है। स्वयं अपने जीवन और समाज में सुख, शांति और समृद्धि के लिए विश्वास का यह भाव बेहद आवश्यक है। यीशु का यह सुंदर संदेश सदैव स्मरणीय है, 'जीवन को बहुमूल्य समझो और स्वयं पर विश्वास करो।'



## यूनिवर्सल सेलिब्रेशन

क्रिसमस का त्योहार एकता, खुशी और आशा के यूनिवर्सल मनोभाव पैदा करता है। मान्यता है कि इस दिन मदर मैरी के घर ईसा मसीह का जन्म हुआ था। प्रभु यीशु ने कम आयु में ही मानवता, आपसी मेल-मिलाप और सामाजिक सौहार्द को बनाए रखने के लिए समग्र संसार को प्रेरणा दी। मानवीय मूल्यों को बचाने वाले ईसा मसीह के संदेशों में दयालुता, क्षमा, दूसरों का भला करने की सोच और सभी का सम्मान करने का भाव शामिल है। आज जब पूरी दुनिया में अस्थिरता छाई है, उनकी बातों का अनुसरण शांति और सद्भाव की राह सुझाने वाला है। एक-दूजे से उलझते पड़ोसी देश हों या समाज में फैलती नकारात्मकता, प्रभु यीशु का यह विचार, 'जैसा व्यवहार तुम लोगों से चाहते हो, वैसा व्यवहार उनसे करो।' सभी उलझनों का हल है। ऐसे में क्रिसमस यानी प्रभु यीशु का जन्मदिन, दुनिया के हर इंसान को सत्य, निष्ठा, करुणा और सह-अस्तित्व की राह पर चलने की प्रेरणा देने वाला एक विशेष दिन है।

एक्सप्रेशंस/ प्रस्तुति : रेणु खंतवाल

# आइए फैलाएं हम प्रभु यीशु का संदेश

समाज-परिवार में प्रभु यीशु के प्रेम-करुणा के संदेश को फैलाने में महिलाएं कैसे एक अच्छी और अहम भूमिका निभा सकती हैं। बता रही हैं अपने-अपने क्षेत्र की कुछ नामचीन हस्तियां।

### शोवना नारायण, कथक नृत्यांगना



**महिलाएं ही** सामाजिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक मूल्यों को सहेज कर रखती हैं। वे बच्चों को अपनी संस्कृति और परंपराओं से परिचित कराती हैं। क्रिसमस का पर्व समाज में सभी के प्रति प्रेम, करुणा का भाव जगाता है। मेरे पति रोमन कैथलिक हैं, वे आस्ट्रिया में रहते हैं। मैं ज्यादातर पति और बेटे के साथ क्रिसमस मनाने वियना चली जाती हूं। क्रिसमस पर क्रिसमस ट्री घर में पहले ही आ जाता है। उसे लाइट से सजाया जाता है, ताकि हमारे भीतर जो अंधेरा है, वह दूर हो, हमारा जीवन प्रकाशवान हो। क्रिसमस पर जीसस क्राइस्ट के संदेशों को पढ़ा जाता है। इसके बाद क्रिसमस कैरल्स गाते हैं, इसके बाद मीठा खाया जाता है। लोग आधी रात को, जिस समय यीशु का जन्म हुआ था, चर्च जाकर प्रार्थना करते हैं। रात को ही या 25 दिसंबर की सुबह को बच्चों को गिफ्ट दिए जाते हैं। मैं भी बहुत उत्साह-उमंग से क्रिसमस मनाती हूं।

### हिमानी शिवपुरी, अभिनेत्री



**हर धर्म** प्रेम और मानवता का संदेश देता है। इस नजर से देखें तो अपने संस्कारों और मूल्यों से स्त्री, समाज में प्रेम, करुणा और मानवता का संचार करती है। लगभग हर इंसान चाहता है कि वह कुछ ऐसा करे कि दूसरों को खुशी मिले। चाहे वह उसके परिवार के लोग हों, रिश्तेदार हों या आस-पास में रहने वाले लोग हों। हम कलाकार व्यस्तता के कारण ज्यादातर अपना त्योहार सेट पर ही मना लेते हैं। मेरी मेड असम से है, वह ईसाई है। इसलिए मैं उसे क्रिसमस पर जरूर कुछ ना कुछ गिफ्ट देती हूं। जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए मैं हमेशा तैयार रहती हूं, जैसे फुटपाथ पर जो बच्चे रहते हैं, उन्हें कभी कुछ बांट दिया, बुजुर्गों को कुछ दे दिया। ऐसा करने से इन लोगों के चेहरे पर एक अनोखी खुशी दिखती है। बेशक मेरी यह मदद बहुत छोटी ही क्यों ना हो, लेकिन इस तरह आप किसी के जीवन में सेंटा क्लॉज बनकर उसे छोटी-छोटी खुशियां तो दे ही सकते हैं।

### शुद्धी रमनी, गायिका



**मेरे लिए** क्रिसमस का मतलब है, पूरा परिवार साथ बैठकर खाना खाए, खुशियां मनाए। हम दोस्तों को भी घर बुला लेते हैं। आपस में त्योहार की खुशियां बांटते हैं। एक-दूसरे को गिफ्ट देते हैं। मैं क्रिसमस पर घर में एक बड़ा सा क्रिसमस ट्री जरूर लेकर आती हूं, इसे हम सजाते हैं। मैं क्रिसमस को बहुत अच्छे से सेलिब्रेट करती हूं। 24 दिसंबर की रात को मैं अपनी फैमिली और फ्रेंड्स के लिए लेटर्स भी लिखती हूं। रात को सबके सिरहाने पर वह लेटर रख देती हूं। रात को ही क्रिसमस ट्री के नीचे सभी घरवालों के लिए गिफ्ट भी रख देती हूं। इसके बाद क्रिसमस के अगले दिन मेरा जन्मदिन होता है तो उस दिन मुझे परिवार और दोस्तों से प्यारे-प्यारे गिफ्ट मिलते हैं। सही मायने में त्योहारों की रौनक महिलाओं से होती है। वे ही इस तरह के सेलिब्रेशंस के माध्यम से पूरे परिवार, रिश्तेदारों, दोस्तों और आस-पड़ोस के लोगों को जोड़कर रखती हैं। देखा जाए तो प्रभु यीशु के प्रेम और करुणा के संदेश को समाज में फैलाने का काम सही मायने में महिलाएं ही करती हैं।

### रिन्नी जॉय, अधिवक्ता-सामाजिक कार्यकर्ता



**प्रभु यीशु** ने हमें सबसे बड़ा जो संदेश दिया, वो है सबसे प्रेम करो। महिलाएं सबको प्यार से जोड़कर रखती हैं। निरंतर परिवार-समाज से जुड़ी रहती हैं। वे वर्किंग होते हुए ऑफिस और घर को मैनेज करने के साथ-साथ आस-पड़ोस और रिश्तेदारी में भी प्रेम का रिश्ता बनाकर रखती हैं। महिलाएं यह काम बखूबी करती हैं। रही बात क्रिसमस सेलिब्रेशन की तो क्रिसमस पर हम केक जरूर बनाते हैं। इसे उन लोगों के बीच जरूर बांटते हैं, जो हमारे घर में काम करते हैं, जैसे-मेड, ड्राइवर, गेटकीपर और स्वीपर। चूंकि क्रिसमस सर्दियों में आता है तो हम गरीबों को कंबल बांटते हैं, उन्हें खाना भी खिलाते हैं। क्रिसमस वाले दिन हम परिवार के साथ लंच और डिनर करते हैं। इस दौरान दोस्तों और रिश्तेदारों से भी मिलते हैं, उन्हें गिफ्ट देते हैं। फैमिली मेंबर्स और बच्चों को जो गिफ्ट दिया जाता है, उसे हम 24 की रात को क्रिसमस ट्री के नीचे रख देते हैं। क्रिसमस सेलिब्रेशन 24 दिसंबर की शाम से शुरू हो जाता है, जो 25 तक चलता है। वैसे क्रिसमस की रौनक नए साल के आने तक बनी रहती है। सभी को मैरी क्रिसमस...।

मेकअप साधना शर्मा, ब्यूटीशियन

# फॉलो करें प्रॉपर स्टेप्स पाएं परफेक्ट पार्टी लुक

इन दिनों क्रिसमस की तैयारियां जोरों पर हैं। घर को डेकोरेट करने के साथ पार्टी प्रिपरेशन और गिफ्ट की खरीदारी में आप जुटी होंगी। इस ऑकेजन के लिए स्पेशल ड्रेसअप के साथ ही क्रिसमस पार्टी मेकअप लुक भी कुछ डिफरेंट होना चाहिए। अगर आप यहां बताए जा रहे मेकअप टिप्स को स्टेप बाई स्टेप फॉलो करें तो क्रिसमस स्पेशल मेकअप लुक पा सकती हैं।

**मसाज करें:** मेकअप शुरू करने से पहले अपने फेस की मॉयश्चराइजर से अच्छे से मसाज कर लें। मसाज करने से चेहरे पर ब्लड सर्कुलेशन अच्छी तरह से होने लगता है। करीब 5 से 7 मिनट तक मसाज करने के बाद चेहरे को साफ कर लें।

**अप्लाई करें फाउंडेशन :** फेस की मसाज करने के बाद फाउंडेशन अप्लाई करें। अगर मेकअप करने के बाद आपकी स्किन ड्राय नजर आती है, तो इसके लिए फाउंडेशन में फेस ऑयल मिक्स कर सकती हैं। इससे मेकअप ड्राय नहीं होगा और कोई अलग से पैचेस भी नजर नहीं आएंगे। आप फाउंडेशन लगाते समय उसमें दो या तीन बूंद फेस ऑयल की जरूर मिक्स कर लें। कई महिलाएं मेकअप में पावडर फाउंडेशन का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन सर्दियों में पावडर की बजाय लिक्विड और क्रीमी टेक्सचर वाले क्रीम और फाउंडेशन बेस्ट ऑप्शन हैं।



**ब्लशर-आई मेकअप :** चूंकि आप क्रिसमस पार्टी के लिए मेकअप कर रही हैं तो आप ब्लशर में रेड कलर का इस्तेमाल करें, लेकिन बहुत ज्यादा नहीं। ब्लशर को इस तरह अप्लाई करें कि वो नेचुरल लुक दे। इसके बाद आई मेकअप के लिए ग्लॉसी लुक वाला आईशैडो यूज करें, इससे आपके चेहरे पर चमक नजर आएगी।

**हाईलाइटर से करें टचिंग:** कुछ महिलाएं पार्टी में जाने के लिए हैवी मेकअप को सही मानती हैं जबकि एक्सपर्ट्स के अनुसार, मेकअप में बहुत ज्यादा प्रोडक्ट्स यूज ना करें यानी बहुत हैवी मेकअप से बचना चाहिए। सर्दियों में हैवी के बजाय नेचुरल मेकअप लुक ज्यादा सुंदर नजर आता है। आप मेकअप करने के बाद हाईलाइटर का इस्तेमाल करें। हाईलाइटर आपके मेकअप को ग्लोइंग टच देता है।

**लिपस्टिक :** क्रिसमस पार्टी को ध्यान में रखते हुए आप अपने लिप्स पर ग्लॉसी या फिर रेड लिपस्टिक अप्लाई कर सकती हैं। यह आपके ओवर ऑल मेकअप लुक को कंप्लीट करेगा।

प्रस्तुति : मानसी

सेलिब्रेशन / निधि गोयल

अगर आने वाली क्रिसमस पर आप घर में ही पार्टी ऑर्गनाइज करना चाहती हैं तो इसकी तैयारी आज से ही शुरू कर दें। इसमें तैयारियों से जुड़ी हर छोटी-छोटी बात का अगर आप ध्यान रखेंगी तो सभी गेस्ट्स शानदार पार्टी एंज्वॉय करेंगे। इस बारे में हम दे रहे हैं कुछ यूजफुल सजेशंस।

# जब घर पर करनी हो क्रिसमस पार्टी

दिसंबर का महीना शुरू होते ही बच्चे ही नहीं बड़ी उम्र के लोग भी क्रिसमस का बेसब्री से इंतजार करने लगते हैं। इसे लेकर कई तरह की तैयारियों में सब जुट जाते हैं। आप भी घर में क्रिसमस पार्टी को ऑर्गनाइज करके इस दिन को बहुत स्पेशल बना सकती हैं। लेकिन अगर पहले से ही पार्टी की प्लानिंग नहीं करेंगी, तो शानदार पार्टी ऑर्गनाइज नहीं कर पाएंगी। आपको यहां हम बता रहे है कि किस तरह आप घर पर क्रिसमस पार्टी ऑर्गनाइज कर सकती हैं।

**रूम डेकोरेशन :** क्रिसमस पार्टी जिस रूम या हॉल में आप ऑर्गनाइज करना चाहती हैं, उसे अच्छी तरह से डेकोरेट करना बहुत जरूरी है। इसके लिए आप वॉल हैंगिंग खरीदकर ला सकती हैं या अगर टाइम हो तो खुद भी क्रिएट कर सकती हैं। लेकिन ध्यान रखें कि पार्टी थीम क्रिसमस है, तो उसके हिसाब से ही आपको सभी चीजों का सेलेक्शन करना होगा। अगर आपका बजट कम है तो आप गुब्बारों से भी घर को सजा सकती हैं। आप रेड, व्हाइट या गोल्डन कलर के बैलूंस से रूम को सजा सकती हैं। घर की एंट्री पर ऐसे बैलूंस और वॉल हैंगिंग्स जरूर सजाएं, ताकि आपका घर बाहर से और खूबसूरत दिखे।



**क्रिसमस ट्री-सेंटाक्लॉज :** क्रिसमस पार्टी का बहुत इंपॉर्टेंट पार्ट क्रिसमस ट्री होता है। आप घर में पार्टी ऑर्गनाइज कर रही हैं तो क्रिसमस ट्री को भी एक कोने में जरूर सजाएं। उस ट्री पर बेल्स, चॉकलेट्स और लाइट्स सजा सकती हैं। पार्टी की शाम से लेकर रात तक ये बहुत खूबसूरत लगेंगे। जिस जगह पर क्रिसमस ट्री रखना चाहती हैं, वहां पर कॉटन बिखेर दें, इससे बर्फ का अहसास होगा। इसके अलावा फैमिली के किसी एक मेंबर को सेंटा के गेटअप में रेडी करवाएं तो पार्टी और मजेदार हो जाएगी, क्योंकि बच्चों को सेंटा बहुत पसंद होते हैं।



**म्यूजिक सिस्टम :** म्यूजिक के बिना तो हर पार्टी अधूरी रहती है, तो आप इस पार्टी में म्यूजिक का अरेंजमेंट करना ना भूलें। पहले से ही ऐसे म्यूजिक रिकॉर्ड्स और सॉन्ग्स सेलेक्ट कर लें, जो क्रिसमस से रिलेटेड हों। इससे पार्टी में क्रिसमस का और भी शानदार माहौल बन जाएगा। इसके अलावा कुछ हैप्पी, ज्वॉयफुल मूड्स के सॉन्ग्स भी सेट करके रखें। डांस के लिए भी थोड़ा स्पेस बनाएं।

**पार्टी मेन्यू :** पार्टी है तो खाने-पीने का इंतजाम भी जरूरी है। इस बारे में पहले ही डिसाइड कर लें कि आप पार्टी में किस तरह की डिशेज रखना चाहती हैं? अगर बच्चे और बड़े हर उम्र के लोग पार्टी में आ रहे हैं तो आपको सभी की पसंद के अनुसार डिशेज तैयार करनी होंगी। हैवी डिनर के बजाय कई तरह के लाइट स्नैक्स रखना अच्छा रहेगा। आप पार्टी अरेंजमेंट और गेस्ट्स का वेलकम करने में बिजी रहेंगी तो बेहतर होगा कि डिशेज खुद बनाने की बजाय किसी होटल या रेस्टोरेंट से ऑर्डर करके मंगवा लें। अगर आप कुछ डिशेज खुद बना रही हैं तो डिशेज, इस तरह की हों, जो जल्दी से गर्म करके सर्व हो जाए। इससे आप भी पार्टी एंज्वॉय कर पाएंगी। डिशेज सर्व करने के लिए क्रॉकरी या डिस्पोजेबल्स पहले ही डाइनिंग टेबल पर अरेंज करके रख लें।

**ना भूलें गिफ्ट्स देना :** अब बात आती है कि पार्टी में शामिल होने वाले बच्चों को गिफ्ट्स में क्या दिया जाए? आप गिफ्ट्स के छोटे-छोटे पैकेट्स बना सकती हैं। इनमें उनकी पसंद की ड्राय फूड आइटम्स, चॉकलेट्स और कैंडीज डाल सकती हैं। इनके अलावा स्टेशनरी के सामान को भी पैक करके गिफ्ट के तौर पर दे सकती हैं। सबसे अच्छा होगा कि ये गिफ्ट्स बच्चों को वो व्यक्ति दे, जिसने सैंटा का गेटअप लिया हो।

रेसिपी / ओम प्रकाश गुप्ता

इन दिनों आप क्रिसमस पार्टी की तैयारी में जुटी होंगी। बाकी तैयारियों के साथ आप इस बार बाजार से केक मंगाने के बजाय घर पर ही टेस्टी केक बना सकती हैं। हम आपको बता रहे हैं तीन केक्स की रेसिपी।

# क्रिसमस पार्टी के लिए घर पर बनाएं टेस्टी केक

## खस जैली केक



**सामग्री :** कंडेंस्ड मिल्क-400 ग्राम, आटा-1 कप, मैदा-1 कप, रिफाइंड ऑयल-1 कप, बेकिंग पावडर-2 छोटे चम्मच, बेकिंग सोडा-1 छोटा चम्मच, नमक-चुटकी भर, खस जैली-100 ग्राम, हरा रंग-2 बूंद, खस एसेंस-2 बूंद, खोया, बादाम-सजाने के लिए

**विधि :** सबसे पहले कंडेंस्ड मिल्क और रिफाइंड ऑयल को मिलाकर फेंटें। इसके बाद जैली को कसकर या मसलकर इसमें मिलाएं। अब रंग और एसेंस भी मिला लें। फिर मैदा, आटा, नमक, बेकिंग पावडर और बेकिंग सोडा मिलाकर छानें और कंडेंस्ड मिल्क वाले मिश्रण में मिलाकर एक ही दिशा में तब तक फेंटें, जब तक उसमें से हवा के बुलबुले ना निकलने लगे और वो फूल जाए। अब केक टिन में चिकनाई लगाकर केक का मिश्रण डालें। 180 डिग्री सेंग्रे. पर प्रिहीटेड ओवन में 35-40 मिनट तक इसे पकाएं। केक में चाकू डालकर देखें। अगर मिश्रण चाकू पर लगे तो 4-5 मिनट और पकने दें। ठंडा करके केक को खोए और बादाम से गार्निश करें। केक रेडी है।

## क्रंची कोको केक

**सामग्री :** मैदा-2 कप, कंडेंस्ड मिल्क-1/2 कप, कोको पावडर-1 बड़ा चम्मच, पिसी चीनी-1/2 कप, तेल-1 कप, दूध-1कप, बेकिंग पावडर-2छोटे चम्मच, बेकिंग सोडा-1 छोटा चम्मच, वनीला एसेंस-1 छोटा चम्मच, नमक-1 चुटकी



**विधि:** क्रंची कोको केक बनाने के लिए कंडेंस्ड मिल्क, पिसी चीनी और तेल को मिलाकर अच्छी तरह फेंटें। उसके बाद इसमें वनीला एसेंस मिला लें। सारी सूखी सामग्री को मिलाकर बड़े बाउल में छलनी से छान लें। इसमें कंडेंस्ड मिल्क, तेल का मिश्रण और आवश्यक्तानुसार दूध मिलाकर फ्लोइंग कंसिसटेंसी का बैटर बना लें। अब केक मोल्ड में तेल लगाकर मैदा बुरकें। इसमें बैटर डालकर 180 डिग्री सेंग्रे. पर प्रिहीटेड ओवन में 35-40 मिनट के लिए रख दें। पूरी तरह बेक होने पर केक को ठंडा करके प्लेट में निकालें और मनचाही गार्निशिंग कर लें।

## मेवा केक



**सामग्री :** मैदा-2 कप, कंडेंस्ड मिल्क-400 ग्राम, तेल-1 कप, दूध-1 कप, कटे बादाम-2 बड़े चम्मच, कटे काजू-2 बड़े चम्मच, अखरोट के टुकड़े-2 बड़े चम्मच, किशमिश-2 बड़े चम्मच, कटा पिस्ता-2 बड़े चम्मच, रंग-बिरंगी पेठा चेरी-2 बड़े चम्मच, बेकिंग पावडर-1 छोटा चम्मच, बेकिंग सोडा-आधा छोटा चम्मच, वनिला एसेंस-1 छोटा चम्मच, नमक-1 चुटकी

**विधि:** सबसे पहले एक बाउल में कंडेंस्ड मिल्क और तेल को मिलाकर अच्छी तरह फेंट लें। इसमें वनिला एसेंस भी मिला लें। अब थोड़ा मैदा बचाकर शेष सारी सूखी सामग्री मिलाकर दूसरे बाउल में छलनी से छान लें। फिर इसमें कंडेंस्ड मिल्क-तेल का मिश्रण और कटे मेवे मिला लें। आवश्यकतानुसार दूध मिलाकर बैटर को फ्लोइंग कंसिसटेंसी का कर लें। केक मोल्ड में तेल लगाकर इसमें मैदा बुरक दें। फिर इसमें तैयार बैटर डालकर ऊपर से कटे बादाम, कटा पिस्ता और चेरी डालकर 180 डिग्री सेंग्रे. तक प्रिहीटेड ओवन में रख दें। 30-35 मिनट बाद चाकू डालकर चेक कर लें। चाकू साफ निकले तो केक रेडी है वरना 4-5 मिनट और ओवन में रखें। केक को ठंडा होने पर प्लेट में उल्टा निकालें। साबुत मेवा से गार्निश कर लें। आपका क्रिसमस केक तैयार है।

## खबर संक्षेप



### हरियाणा ने जीता नेटबॉल प्रतियोगिता का खिताब

**रोहतक।** बालाजी सीनियर सेकेंडरी स्कूल कलिंगा, भिवानी में 14 से 17 दिसंबर तक 41वीं सीनियर नेशनल नेटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें हरियाणा ने राजस्थान की टीम पर ऐतिहासिक जीत दर्ज कर गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। हरियाणा की टीम ने अपने सभी मैच जीत कर स्वर्ण पदक प्राप्त कर भारत में प्रथम स्थान प्राप्त किया। हरियाणा की टीम की तरफ से रोहतक के गंगा बिशन नगर मोहल्ले,नजदीक प्रेम नगर चौक के रहने वाले खनन विभाग रोहतक में खनन रक्षक के पद पर कार्यरत सरकारी कर्मचारी चंद्रगुप्त ने भी हिस्सा लिया।

### मास्टर चांदसिंह अहलावत ने जीते 3 मेडल

**रोहतक।** गत रविवार को दिल्ली के कॉमनवेल्थ खेल स्टेडियम में तीसरे खेलो इंडिया मास्टर्स गेम फाउंडेशन 2023 आयोजित किए गए। इसमें लक्ष्मी नगर रोहतक के 80 वर्षीय चांद सिंह अहलावत ने तीन पदक जीते। इन्होंने शॉटपुट व डिस्कस थ्रो में स्वर्ण और ज्वैलीन थ्रो में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। इससे पहले भी अहलावत कई राष्ट्रीय और अंतर राष्ट्रीय स्पर्धाओं में पदक जीत चुके हैं।

### पुलिस लाइन में हुई साप्ताहिक परेड

**रोहतक।** पुलिस लाइन में सोमवार को साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। एसपी हिमांशु गर्ग ने परेड की सलामी ली तथा पुलिस अधिकारियों-जवानों को दिशा-निर्देश जारी किए। परेड में जिला रोहतक के सभी प्रभारी थाना-चौकी, पुलिस कार्यालय ऑफिस व जिला में तैनात सभी जवानों ने हिस्सा लिया। एसपी हिमांशु गर्ग ने राइडर पर तैनात जवान-अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी राइडर्स अपने एरिया में निरंतर गश्त करें।

### चोरी की वारदात में आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी सिविल लाइन हर नारायण ने बताया कि बहुअकबरपुर हाल किरायेदार सेक्टर-5 निवासी नीतू की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया। जांच में सामने आया कि नीतू मातूराम कॉलेज में एस्सिटेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत है।

### कैंप में 45 दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य जांचा

**रोहतक।** सेक्टर-3 स्थित पोलीक्लीनिक में आयोजित मेडिकल कैंप में खंड सांपला के 45 दिव्यांग बच्चों की जांच की गई। कैंप का शुभारंभ डाइट प्राचार्य बीरेंद्र मलिक ने किया। इस दौरान मॉडल संस्कृति माध्यमिक विद्यालय सांपला के प्राचार्य संदीप नैन और वाइस प्रिंसिपल सुनील नेहरा के प्रयासों से 50 टी-शर्ट बच्चों को बांटी गई।

---

उपस्थितगण को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित लघु फिल्में दिखाई

# संकल्प यात्रा की 3 वैन वंचित लोगों को दिलवा रही योजनाओं का लाभ

योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रहे पात्र व्यक्तियों को मौके पर संबंधित विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

विकसित भारत संकल्प यात्रा की एलईडी से सुसज्जित तीन वैन जिला के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में लोगों को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दे रही हैं। अभी तक योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रहे पात्र व्यक्तियों को मौके पर संबंधित विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। संकल्प यात्रा की सरकार की गारंटी की गाड़ी वंचित लोगों के लिए लाभदायक सिद्ध हो रही है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सोमवार को वैन-1 द्वारा जिला के गांवों रिठाल फौगाट एवं जसिया, वैन 2 द्वारा गांवों सुंडाना एवं बलब तथा वैन-3 द्वारा कलानौर के शहरी क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित कर एक ओर जहां लोगों को सरकार की योजनाओं का वंचित लोगों को लाभ दिलवाया, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का संदेश भी लोगों को सुनाया गया। उपस्थितगण को केंद्र व प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित लघु फिल्में भी दिखाई गई।



### केन्द्र व प्रदेश सरकार गरीब लोगों के कल्याण के लिए कृत संकल्पः मेयर मनमोहन गोयल

मेयर मनमोहन गोयल ने सुंडाना गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणबीर ढाका, पूर्व मेयर रेणू डाबला व पूर्व विधायक सरीता नारायण मौजूद रही। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार निरंतर समाज की गरीब वर्गों के कल्याण के लिए कार्यरत है। सरकार द्वारा सभी वर्गों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है। केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है।

**यह रहे उपस्थितः** कार्यक्रम में डॉ. दिनेश घिलौड़, धर्मपाल मकडोली, लजत जसिया, कप्तान जसिया, शिव कुमार, सतीश शर्मा, सुखबीर, कामसिंह सरपंच, वेदपाल नरवाल, मुनिराम, रामकरण, सिकंदर आदि मौजूद रहे।

### लोगों को भारत संकल्प यात्रा की दिलवाई शपथ

कार्यक्रमों के दौरान उपस्थित को भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को मजबूत करने, देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने तथा नागरिक के नाते अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का संकल्प दिलवाया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के रिठाल फौगाट एवं जसिया गांवों में राजकीय उच्च विद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों में वरिष्ठ नेता सतीश नांदल मुख्यातिथि रहे। उन्होंने ग्रामीणों का आह्वान किया कि वे संकल्प यात्रा की मोदी सरकार की गारंटी की गाड़ी का लाभ उठाएं। लोगों से घर-द्वार पर विभिन्न योजनाओं का लाभ देने के लिए विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल पर पहुंच कर योजना का लाभ उठाएं। केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा पात्र लोगों को स्वास्थ्य बीमा के अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना एवं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना व उज्ज्वला योजना आदि का लाभ दिया जा रहा है। लोक सभा सांसद डॉ. अरविंद शर्मा की ओर से उनके व्यक्तिगत सहायक सुनील लाकड़ा ने रिठाल फौगाट में स्कूल की मुरम्मत के लिए, 10 लाख रुपये कर राशि देने की घोषणा की।





### यात्रा के माध्यम से पात्र लोगों को मिलेगा योजनाओं का लाभः जितेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से पात्र लोगों को योजनाओ का लाभ देने के लिए वार्ड नं 14 में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, महिला आश्रम रोड, गांधी नगर, रोहतक में दोहपर दो बजे कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। जहां कई सुविधाओं के लिए स्टॉल लगाए जाएंगे।



जितेंद्र सिंह

आयुक्त ने बताया कि भारत सरकार व हरियाणा सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि मुख्य योजनाओं का लाभ आमजन को तक समयबद्ध तरीके से पहुंचे। स्वच्छता सुविधाएं, आवश्यक वित्तीय सेवाएं, एलपीजी कनेक्शन गरीबों आवास तक पहुचे, खाद्य सुरक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के लिए मुख्य योजनाओ के माध्यम से संतृप्ति के मिशन मे सक्रिय रूप से लगी हुई है। उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य देखभाल, स्वच्छ पेयजल, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आदि और सभी लक्षित और योग्य लाभार्थियों के लिए आवश्यक सेवाओं को सुलभ बनाना है। आमजन को योजनाओं की संतृप्ति प्राप्त करने के लिए गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान विकसित भारत संकल्प यात्रा की योजना बनाई गई है जिसका मुख्य उद्देश्य वंचित लोगों तक पहुंचना उन कमजोर लोगों तक पहुंचना जो विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हैं लेकिन अभी तक लाभ नहीं उठाया है तथा योजनाओं के बारे में जानकारी का प्रसार और जागरूकता पैदा करना।

#### सरकार के कार्यों पर दिखाई जाएगी फिल्म

उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार हरियाणा सरकार की विकासात्मक गतिविधियों पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन भी किया जाएगा। संकल्प शपथ दिलवाई जाएगी, उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा और लोक कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी जाएगी। नगर निगम के अतिरिक्त कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग, नागरिक संसाधन सूचना विभाग, स्वयं सहायता समूहों, समाज कल्याण विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग, खेल विभाग इत्यादि द्वारा स्टाल लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री अंत्योदय उत्थान योजना के तहत ऋण आवेदनों के लिए बैंक तथा परिवार पहचान पत्र, सम्पत्तिकर डाटा में सुधार के लिए भी हेल्प डेस्क स्थापित होगा। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत शत प्रतिशत परिपूर्णता सुनिश्चित करने के लिए स्टाल लगाया जाएगा।

- ▶▶ जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित विभिन्न विभागों के लगेंगे स्टाल
- ▶▶ यात्रा के दौरान लाभार्थियों से ली जाएगी फीडबैक
- ▶▶ मौके पर ही पात्र लोगों को मिलेगा योजनाओं का लाभ
- ▶▶ यात्रा के दौरान सुनाया जाएगा प्रधानमंत्री मोदी का संदेश

---

# शिक्षा के साथ खेल को भी जीवन का हिस्सा बनाएं युवाः स्वामी वीरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांपला

खरावड़ केपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता हुई। दादा चमन ऋषि खेल स्टेडियम में हुई इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अलग-अलग खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाई। विजेताओं को स्कूल के डायरेक्टर वीरेंद्र स्वामी ने मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक युवा को शिक्षा के साथ खेलों को भी अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। दोनों व्यक्ति को सफलता के रास्ते पर ले जाते हैं। जूनियर और सीनियर सभी कक्षाओं के खिलाड़ियों ने भाग लिया। सीनियर में 100 मीटर रेस में रिया प्रथम रही ,जबकि 800 मीटर रेस में हर्ष प्रथम अंकित दूसरे स्थान पर रहा ।जबकि तीन टंगी रेस में तनिषा ,प्रियांशी विजेता रही। जबकि साइकिल रेस में समीर, वंशिका विजेता रही। बोरी रेस में रूपांशी व साक्षी विजेता बनी। स्कूल स्टाफ की म्यूजिक चेयर प्रतियोगिता कराई गई जिसमें संगीता प्रथम मोनिका दूसरे स्थान पर विजेता रही।



# बुजुर्ग बोझ नहीं हमारी जरूरतः ललित कौशिक

- बढ़ते वृद्धाश्रम और घटते नैतिक मूल्य पर हुई विचार गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



बढ़ते वृद्धाश्रम और घटते नैतिक मूल्य विषय पर सोमवार को सोनीपत रोड स्थित भगवान परशुराम आश्रम जनकल्याण समिति में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान समिति प्रधान एडवोकेट ललित कौशिक ने कहा कि लोगों की कथनी और करनी में बिल्कुल भी समानता नहीं है। जिसके चलते आज के समय में वृद्धाश्रम लगातार बढ़ते जा रहे हैं। बढ़ते संसाधनों ने मनुष्य को स्वार्थी बना दिया है। जिस कारण वह अपना स्वार्थ किसी भी कीमत पर पूरा करना चाहता है।

उन्होंने कहा कि हमें यह समझना होगा कि बुजुर्ग बोझ नहीं हमारी जरुरत है। वहीं वरिष्ठ उपप्रधान हरिकिशन भारद्वाज ने कहा कि बढ़ते वृद्धाश्रमों में बढ़ती बुजुर्गों की संख्या का कारण संयुक्त परिवारों का विघटन एवं एकल परिवारों का चलन, संस्कारों की कमी, परिवार में बुजुर्गों की आज्ञा उल्लंघन सहित अन्य कारण हैं।

#### युवा अपने बुजुर्गों को समय नहीं दे पा रहे

सचिव रामकुमार कौशिक ने कहा कि स्थानीय रोजगार के अभाव में घर से दूर जाना पड़ रहा है। जिसके चलते आज के युवा अपने बुजुर्गों को समय नहीं दे पा रहे हैं। कोषाध्यक्ष डॉ. हरिओम वशिष्ठ ने बताया कि प्रकृति में बड़ी तेजी से बदलाव हो रहा है, जिसका असर हमारे रिश्तों पर भी पड़ रहा है।

#### नैतिकता का ह्रास बढ़ते वृद्धाश्रमों का मुख्य कारण

उपप्रधान ओमकार पाराशर ने कहा कि नैतिकता का ह्रास बढ़ते वृद्धाश्रमों का मुख्य कारण है। संस्कारों के अभाव में व्यक्ति आर्थिक रूप से तो सफल हो सकता है, परन्तु उसमें मानवीय सामाजिक गुणों की कमी हो जाती है। महासचिव डॉ. कपिल कौशिक ने कहा कि आज के परिवेश में समाज कर्म प्रधान की बजाय धन प्रधान बन गया है।

---

# राजसिंह प्रधान और जितेंद्र कुमार उपप्रधान नियुक्त




**रोहतक।** पुराना बस स्टैंड के समीप जाटव धर्मशाला डॉ. भीमराव अम्बेडकर भवन में हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ जिला झज्जर से जुड़े सदस्यों की चुनावी बैठक संघ के जिला प्रधान विजय सिंह सूहरा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। संघ के राज्य उप-प्रधान खजान सिंह बड़वड़ ने बताया कि आगामी सत्र 2023-26 के लिए खंड झज्जर की कार्यकारिणी का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें राजसिंह संस्कृत अध्यापक राजकीय माध्यमिक विद्यालय सूहरा को खंड प्रधान, जितेंद्र कुमार संस्कृत अध्यापक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भदानी को खंड उप-प्रधान, जोगेन्दर सिंह जेबीटी, राजकीय प्राथमिक पाठशाला सूहरा को खंड सचिव, वेदपाल जेबीटी, राजकीय प्राथमिक पाठशाला बाजीतपुर को सहसचिव, बिजेंद्र सिंह प्रवक्ता समाजशास्त्र राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बादली को कोषाध्यक्ष को जिला प्रतिनिधि के रूप में सर्वसम्मति से चुना।

# एचफक्यूटो अध्यक्ष ने जाना धरने का अपडेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ का अनिश्चितकालीन दिन-रात का धरना सोमवार को ग्यारवें दिन भी जारी रहा। दोपहर 2 बजे हरियाणा फेडरेशन ऑफ यूनिवर्सिटी कॉलेज टीचर्स आर्गेनाइजेशन (एचफक्यूटो) के प्रधान डॉ. विकास सिवाच ने गुजवि की परिस्थिति का संज्ञान लेते हुए प्रदेश के सभी विश्वविद्यालय के शिक्षक संघों के प्रधान और हरियाणा गवर्नमेंट कॉलेज के प्रदेश अध्यक्ष और एडेड कॉलेज के प्रदेश अध्यक्ष की आनलाइन बैठक का आयोजन किया। डॉ. विकास सिवाच ने कहा कि जंभेश्वर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ पिछले ग्यारह दिन से धरने पर बैठे हैं। यह बहुत चिंता का विषय है कि विश्वविद्यालय प्रशासन शिक्षकों की सुध नहीं ले रहा। डॉ. सिवाच ने बताया कि गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय मे यूजीसी के नियम, हरियाणा सरकार के नियम और विश्विद्यालय के एक्ट की अवहेलना हो रही है। शिक्षकों को पदोन्नति से भी वंचित रखा जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। मीटिंग में डॉ. सिवाच ने कहा कि एचफक्टो इस संघर्ष में उनके साथ खड़ा है। और ये केवल गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के शिक्षकों का का संघर्ष नहीं बल्कि सारे हरियाणा के विश्वविद्यालयों का संयुक्त आंदोलन है। उन्होंने कहा कि गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ ने पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल को सारी स्थिति से अवगत कराया है। सिवाच ने बताया कि 21 दिसंबर को हरियाणा के सभी विश्वविद्यालय और कॉलेजेस के प्रतिनिधि गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय में गजुटा को सहयोग करने के लिए पहुंचेंगे।







# नाव्या व चित्राक्षी सांइस कांग्रेस में हुई राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित

**रोहतक।** गत 16 व 17 दिसंबर को हरियाणा विज्ञान मंच द्वारा आयोजित 31वें नेशनल चिल्ड्रंस साईंस कांग्रेस में पठानिया स्कूल की टीम राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर पहुंची। विज्ञान मंच पर पूरे हरियाणा से 63 स्कूलों की टीम से 125 प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपने-अपने विषय पर अपनी रिसर्च प्रस्तुत की। जिसमें पठानिया स्कूल कक्षा दसवीं से नाव्या व कक्षा नौवीं की छात्रा चित्राक्षी ने अपने विषय ओरल हाइजीन फोर स्पेशल नीड चिल्डर्नस के बारे में विचार-विमर्श करते हुए उनके स्वास्थ्य के प्रति ध्यान रखने व ओरल हाइजीन के बारे में जानकारी देने तथा हर प्रकार के संक्रमण से बचने के लिए लोगों को जागृत किया। विद्यार्थियों ने अर्पण स्कूल में जाकर ऐसे बच्चों से बातचीत की तथा उनको स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। विद्यार्थियों ने साईंस अध्यापक प्रियंका कौशिक, रशिम, सपना, वंदना, कॉआर्डीनेटर कनिका मग्गू के दिशा-निर्देशन में तैयारी की तथा नेशनल के लिए चयनित हुए।

---

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिलास्तरीय गीता जयंती प्रतियोगिताओं का आयोजन

# श्लोक उच्चारण में सांपला और भाषण में सांघी की टीम प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांधीनगर में सोमवार को वर्ग 9 से 12 की जिला स्तरीय गीता जयंती प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें जिले के सभी ब्लॉक के विजेता प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान श्लोक उच्चारण में गवर्मेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल सांपला ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं गवर्मेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल लाखनमाजरा ने द्वितीय और गवर्मेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोखरा ने तृत्य स्थान प्राप्त किया। इसी तरह से भाषण में गवर्मेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल सांघी प्रथम, गवर्मेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल सांपला द्वितीय, गवर्मेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल सांपला तृतीय, निबंध लेखन में मदर इंडिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोखरा प्रथम, गवर्मेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल सांपला द्वितीय और गवर्मेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल मकडोली कलां ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा प्रश्नोत्तरी में बाबा मस्तनाथ पब्लिक स्कूल पहले, गवर्मेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल सांपला दूसरे और गवर्मेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल लाखनमाजरा ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं पेंटिंग में गवर्मेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल रिठाल ने द्वितीय, पठानिया पब्लिक स्कूल ने तृतीय, संवाद में गवर्मेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल सांपला ने पहला, पठानिया पब्लिक स्कूल ने दूसरा और गवर्मेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बसंतपुर-ब्राह्मणवास ने तीसरा स्थान हासिल किया।




#### विजेताओं को दिए प्रशस्ति पत्र

जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक के निर्देशन में तथा उप जिला शिक्षा अधिकारी रेणु खत्री की अध्यक्षता में सभी प्रतियोगिताओं का संचालन किया गया। प्रतियोगिता के अंत में सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र दिए गए। नोडल अधिकारी रेणु खत्री ने कहा कि गीता से हमें कर्म प्रधानता की शिक्षा मिलती है। अपने कर्तव्यों के पालन में हमें पीछे नहीं हटना चाहिए। जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक ने कहा कि इस प्रकार की स्पर्धाएं नैतिक मूल्यों के संदर्भ में जागरूक करने के साथ-साथ आत्मविश्वास एवं नए जोश का संचार करती हैं। प्रतिस्पर्धा में जीत या हार महत्वपूर्ण नहीं है अपितु भागीदारी सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। प्राचार्य अंजू डबास, अंजना, प्रवीण राणा, प्रवक्ता कृष्णा रंजन ने कार्यक्रम समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांधीनगर के प्राचार्य संजीव ढांगी तथा डीपीई सतीश मलिक ने बताया कि राज्य स्तरीय गीता जयंती प्रतियोगिताओं का आयोजन 19 दिसंबर से कुरुक्षेत्र में किया जाएगा। 19 दिसंबर को वर्ग 6 से 8 तथा 20 दिसंबर को वर्ग 9 से 12 की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इस मौके पर प्राचार्या संतोष, प्रवक्ता प्रीति, संतोष मलिक, गीतांजलि, अनीता सहित अन्य मौजूद रहे।

### सूचना

मैं, हरिपाल सिंह पुत्र श्री राम नारायण निवासी गांव चिड़ी, तहसील व जिला रोहतक, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र कमल उर्फ बंटी मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।



## शहर में आज

- बिजली निगम कार्यालय में सुबह 10 से 2 बजे खुला दरबार
- मदवि में वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता जारी।
- सुभाष चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन।
- सुबह 10 से 2बजे तक रामगोपाल कॉलोनी, जाट भवन में बिजली कट
- सुबह 10:30 से 1:30 बजे तक ओल्ड हाउसिंग बोर्ड, कमला नगर, प्रीत विहार, आजाद नगर, चावला कॉलोनी में बिजली कट

## खबर संक्षेप

### आप की बदलाव यात्रा सांपला में आज

**सांपला।** आप की चल रही बदलाव यात्रा मंगलवार को सापला में पहुंचेगी। जिला उपाध्यक्ष नवीन इंजीनियर ने बताया कि यात्रा गढ़ी सांपला किलोई हलके के कई गांव से गुजरेगी। यात्रा का गांव-गांव में स्वागत भी किया जाएगा। यात्रा प्रदेश में कई जिलों से होकर गुजरी है। जिसमें युवाओं में उत्साह देखते ही बन रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी प्रदेश में बदलाव यात्रा निकालकर सरकार को पोल खोल रही है। जिसे लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। पार्टी के वरिष्ठ नेता जनसंपर्क कर रहे है।

# लूट मामले को लेकर किलोई के ग्रामीण एसपी से मिलने पहुंचे

## अफसर से मुलाकात नहीं होने के चलते लोगों ने काफी देर हंगामा किया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

गांव किलोई में हुई लूट की वारदात को लेकर सोमवार को ग्रामीण लघु सचिवालय पहुंचे और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर एसपी से मिलने की बात कही। लेकिन एसपी से मुलाकात नहीं होने के चलते काफी समय तक हंगामा किया।

ग्रामीणों ने एसपी को नीचे बुलाने की बात कही। लेकिन पुलिस अधिकारियों ने लोगों के पास पहुंचकर आश्वासन दिया कि एसपी खुद मंगलवार को गांव किलोई में जाएंगे। गांव में ही ग्रामीणों से बातचीत करेंगे।

बता दें कि पुलिस को दी शिकायत में सीमा ने बताया ने बताया कि गांव किलोई निवासी जयसिंह और उनकी पत्नी प्रोमो देवी घर पर अकेले रहते हैं। उनका बेटा जयभवान गुरुग्राम के एक अस्पताल और पुत्रवधु सीमा मेवात सरकारी अस्पताल में स्वास्थ्य कर्मी कार्यरत हैं। सीमा ने बताया कि वे कुछ दिन की छुट्टी पर है। इसलिए गांव में अपने सास-ससुर के पास बेटे तनिष्क के साथ आई हुई थी। शुक्रवार-शनिवार की रात वो और तनिष्क अंदर के कमरे में सो गए थे। वहीं उसके सास-ससुर बाहर वाले कमरे में सोए थे। सीमा के अनुसार रात डेढ़ बजे के करीब बदमाशों ने उनके घर का गेट खुलवाया। उसकी सास प्रेमो ने समझा कि जयभगवान आया है। उसे भी अलसुबह गांव आना था। लेकिन गेट खोलते ही चार नकाबपहने बदमाश अंदर आ गए। उन्होंने प्रेमो और जयसिंह के साथ मारपीट की। बदमाश घर से कैश और गहने ले गए। सीमा ने बताया कि रात को करीब एक-डेढ़ बजे मारपीट की आवाज सुनकर वह बाहर आई। तो उसे भी मारपीट करके सास-ससुर वाले कमरे में डाल दिया। आरोपी चेहरे पर कपड़े ढंके हुए थे। उन्हें कमरे में बंद कर दिया। वहीं, बदमाशों ने अंदर अलमारी, संदूक आदि में रखे जेवरात, नगदी लूट ली। पुलिस को दी शिकायत में सीमा ने बताया कि बदमाश 2 सोने की चेन व लॉकेट, सोने की चार कानों की बाली, चार जोड़ी सोने की अंगूठी, एक गले का सेट, 2 सोने के कड़े, एक चांदी की अंगूठी, सास के जेवरात, जिनमें 1 सोने की चेन, 2 जोड़े कानों के, सोने की अंगूठी, 10 चांदी के सिक्के, 5 लाख रुपये कैश, 2 मोबाइल लूटकर ले गए।

**मुख्य बातें**

- ग्रामीणों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग, एसपी ने गांव जाने का दिया आश्वासन
- बदमाशों ने रात डेढ़ बजे खुलवाया गेट

**आरोपितों को अभी तक नहीं पकड़ पाई पुलिस**

गांव में लूट की बड़ी वारदात हुई है, जिसके कारण पूरे गांव में रोष है। आरोपियों को भी अभी तक नहीं पकड़ा गया। पूरा गांव मांग कर रहा है कि आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। पूरा गांव इसी मांग को लेकर एकट्ठा हुआ है और एसपी से मिलने पहुंचे।

**-विजय कुमार**, सरपंच, गांव किलोई



# नवनिर्वाचित बार एसो. के पदाधिकारियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिला बार एसोसिएशन में सोमवार को शपथ समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हाल ही में चुनाव जीतने वाले प्रधान समेत अन्य पदाधिकारियों ने अपने पद की शपथ ली।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए पूर्व प्रधान लोकेंद्र सिंह फौगाट ने शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव करवाने के लिए चुनाव कमेटी और अधिवक्ताओं का धन्यवाद किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि नई कार्यकारिणी अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए काम करेगी और अधिवक्ताओं की समस्याओं को दूर करेगी। इस दौरान प्रधान अरविंद श्योराण, उप प्रधान हर्ष वर्धन मलिक, महासचिव दीपक हुड्डा, सह सचिव सुशीला देशवाल और लाइब्रेरी इंचार्ज विश्वदीप ने कहा कि वह अधिवक्ताओं की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे।

गौरतलब है कि 15 दिसम्बर को हुए बार एसोसिएशन के चुनाव में लोकेंद्र फोगाट गुट के प्रत्याशी अरविंद श्योराण 1033 वोट से विजयी हुए थे। उन्होंने सुरेंद्र लोरा को हराया था। उप प्रधान पद पर हर्षवर्धन मलिक जीते। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी अभिजीत सिंह को हराया। दीपक हुड्डा ने रोहित सुहाग को हराते हुए तीसरी बार महासचिव की कुर्सी हासिल की। सह सचिव पद पर सुशीला देशवाल विजयी हुई थी। जबकि लाइब्रेरी इंचार्ज विश्वदीप बनने में कामयाब रहे।

## 150 लोगों ने करवाई आंखों की जांच



**सांपला।** खत्री आई ट्रस्ट की तरफ से सोमवार को दतोड़ गांव में निशुल्क आई कैंप लगाया गया। जिसमें 155 लोगों ने अपनी आंखों की जांच कराई। सेवानिवृत डॉक्टर एसपीएस भाटिया, संतोष, शुभम ,परवीन की टीम ने जांच की। डायरेक्टर उमेद खत्री ने बताया कि 40 मरीज मोतियाबिंद रेटिना काला मोतियाबिंद आदि रोगों से ग्रस्त पाए गए। सभी मरीजों का फ्री इलाज किया जाएगा। उन्होंने लोगों को आंखों के रोगों से बचाव की जानकारी भी दी। इस मौके पर सरपंच राकेश कुमार जोनी, सीताराम आदि लोगों ने भी सहयोग दिया।

# नेशनल शूटिंग में खुशी ने जीते दो गोल्ड मेडल



रोहतक। कॉलेज में शिक्षकों के साथ पदक विजेता खुशी। फोटो : हरिभूमि

**रोहतक।** नई दिल्ली में हुई 66वीं नेशनल शूटिंग चैंपिशशिप में जाट कॉलेज की बीए तृतीय वर्ष की छात्रा खुशी कालीरमन ने दो गोल्ड, एक सिल्वर और एक ब्रांज मेडल हासिल किया है। कॉलेज पहुंचने पर खुशी को सम्मानित किया गया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. शबनम राठी ने उन्हें बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। खुशी ने ये उपलब्धि 50 मीटर थ्रीपी पॉजीशन राइफल और 50 मीटर प्रोन पॉजीशन में हासिल की है। स्पोर्ट्स डॉयरेक्टर सुखबीर सिंधु और पिता जितेंद्र सिंह ने खुशी को आशीर्वाद दिया।

# हरियाणा कर्मचारी असेंबली में छह प्रस्ताव पास, सौंपा ज्ञापन

- लघु सचिवालय के बाहर कर्मचारी संघ ने लगाई असेंबली





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने विधानसभा सत्र के अवसर पर लघु सचिवालय के बाहर हरियाणा कर्मचारी असेंबली का आयोजन किया गया। जिसमें छह प्रस्ताव पास किए गए। इनमें अलग वेतन आयोग व वेतन विसंगति निवारण बारे, दूसरा प्रस्ताव कर्मचारियों की जनतांत्रिक एवं राजनीतिक आधार बारे, तीसरा प्रस्ताव बिजली संशोधन बिल 2023 को वापस लेने, चौथा प्रस्ताव समावेशी विकास और सामाजिक न्याय बारे, पांचवा प्रस्ताव राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को रद्द करने, छठा प्रस्ताव रोड ट्रांसपोर्ट कानून बारे रहा। ये छह प्रस्ताव रणवीर रोहतकी, जयवीर चहल, धर्मराज कुंडू, जगमति सांगवान, राजकुमारी व हिम्मत राणा ने रखे और अध्यक्ष कर्मवीर सिवाच ने इन्हें सर्वसम्मति से पारित करवाया। साथ ही इनका ज्ञापन उपायुक्त के माध्यम से के मुख्यमंत्री, विस अध्यक्ष, राज्यपाल व नेता प्रतिपक्ष के नाम सौंपे गए।

**कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए:** असेंबली की अध्यक्षता जिला प्रधान कर्मवीर सिवाच ने और संचालन जिला सचिव मनजीत पांचाल ने किया। कर्मवीर सिवाच ने बताया कि हम इन प्रस्ताव के माध्यम से हरियाणा सरकार से मांग करते हैं कि कर्मचारियों और आम नागरिकों के मूलभूत अधिकारों जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, बस, बिजली, पानी आदि को दुरुस्त करके लोगों को दिए जाएं।

उन्होंने कहा कि पिछले लंबे समय से कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा इन प्रस्ताव के माध्यम से यह भी मांग करता है कि तमाम कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए, समान काम समान वेतन दिया जाए, पुरानी पेंशन बहाल हो, विभागों में खाली पड़े पदों को नियमित भर्ती करके भरा जाए, वेतन आयोग का गठन करके वेतन विसंगतियों को दूर किया जाए, कैश लेस की सुविधा दी जाए, एक्स ग्रेशिया पॉलिसी की कमियों को दूर किया जाए, सभी प्रकार के छंटनी ग्रस्त कर्मचारियों को बहाल किया जाए, कौशल रोजगार निगम को भंग किया जाए, ऑनलाइन बदली बंद हो, कामन कैडर भंग किया जाए आदि मांगों को लागू किया जाए।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर राज्य सचिव जयवीर चहल, प्रीत सिंह, रामनिवास सैनी, कामरेड विनोद, जोगिंदर दलाल, शिव कुमार, जयभगवान चहल, विकास दहिया, संजय बिड़लान, राजेश बागड़ी, दीपक जांगड़ा, विनोद, जसवीर, जसपाल, संदीप, सुमित, सतीश, साहब सिंह, नरेश, दिलबाग, राजेश, सुरेंद्र, जोगिंदर आदि मौजूद रहे।

## निःशुल्क जांच और रक्तदान शिविर 24 को

**रोहतक।** वैद्य केसर दास सेवा समिति की तरफ से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर व निःशुल्क आयुर्वेदिक जांच शिविर का आयोजन 24 दिसंबर को वैद्य केसर दास वाली गली में लगाया जाएगा। समिति के संचालक राजेश सिंधवानी ने बताया कि रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक चलेगा। साथ ही आयुर्वेदिक जांच शिविर में शुगर, पथरी, खांसी, जुकाम, गढुद आदि के मरीजों को निःशुल्क आयुर्वेदिक दवाइयां दी जाएंगी।

# पुलिस के दर पर ठेकेदार, सफाईकर्मियों की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

अपनी मांगों को लेकर नगर पालिका के गेट पर पिछले 15 दिन से धरना दे रहे सफाई कर्मचारियों का मामला अब पुलिस तक जा पहुंचा है। सोमवार को सफाई ठेकेदार नए कर्मचारियों को शहर की सफाई के लिए शहर में भेज रहा था। इस दौरान धरनारत सफाई कर्मचारियों ने नए कर्मचारियों को काम करने से रोक दिया। इस बात की शिकायत लेकर ठेकेदार के प्रतिनिधि निरंजन त्यागी शहर पुलिस चौकी में पहुंच गए। इस संबंध में उन्होंने पुलिस को लिखित में एक शिकायत दी, जिसमें काम में व्यवधान डालने वाले कर्मचारियों के नाम की सूची भी थी। शिकायत मिलते ही पुलिस धरना दे रहे कर्मचारियों के पास पहुंची। उन्होंने बताया कि ठेकेदार ने उनकी शिकायत दी है, वे पुलिस चौकी में आ जाएं। धरना प्रदर्शन कर रहे सफाई कर्मचारी पुलिस चौकी में पहुंचे। यहां चौकी इंचार्ज परमेंद्र ने दोनों पक्षों की बातचीत सुनी। साथ ही सफाई कर्मचारियों और ठेकेदार से कहा कि यदि इस संबंध में यदि आपस में मारपीट की कोई बात सामने आई तो वे दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। किसी भी दोषी को कोई रियायत नहीं दी जाएगी। यह सुनकर ठेकेदार ने अपनी शिकायत वापस ले ली। 15 दिन से शहर में सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। ठेकेदार के तहत कार्यरत नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों का धरना 15वें दिन भी जारी रहा। सोमवार को दिनभर सफाई कर्मचारियों ने नगर पालिका सचिव, नपा प्रधान और ठेकेदार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वेतन वृद्धि, पीएफ जमा करवाने, ईएसआई सुविधा और वर्दी आदी सुविधाओं की मांग को लेकर महम नगर पालिका के ठेके के तहत नियुक्त सफाई कर्मचारी हड़ताल पर हैं। जिस वजह से शहर की सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है।



**महम।** शहर पुलिस चौकी में ठेकेदार के प्रतिनिधि निरंजन त्यागी के सामने मांगों को लेकर नारेबाजी व प्रदर्शन करते हड़ताली सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि



## दुकानदारों ने प्रभारी के साथ सुरक्षा को लेकर की बैठक

**रोहतक।** रेलवे रोड स्थित सुनारों वाली गली के दुकानदारों ने शहर थाना प्रभारी के साथ सुरक्षा को लेकर बैठक की। इसकी अध्यक्षता प्रधान जगदीश वर्मा ने की। बैठक में फैसला लिया गया कि सुरक्षा के मजबूत प्रबंध किए जाए। सुरक्षा को लेकर मंडी चौक, सुनारो वाली गली, ट्रंक वाली गली में सरकारी कैमरे भी लगाए जाएंगे। जिससे शरारती तत्व व बदमाशों पर निगरानी रखी जाएगी। इस मौके पर त्रिलोकचंद, गौतम जैन, संजय वर्मा, जयंत वर्मा, विष्णु वर्मा, ऋषि वर्मा, प्रवीण बंसल, नरेश आदि मौजूद रहे।

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-

हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**

मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें

सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### शीला बाईपास, डेयरी कांप्लेक्स, कच्चा बेरी रोड व अन्य मुद्दों पर बोले बत्रा


# विधायक ने विधानसभा में उठाया शहर के विकास का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

- गंदगी के चलते शहर स्लम बनता जा रहा
- जलभराव प्रबंधों को लेकर भी सवाल पूछा

कांग्रेस विधायक भारत भूषण बत्रा ने हरियाणा विधानसभा में रोहतक के मुद्दों को उठाया। उन्होंने सरकार से कई योजनाओं पर काम करने और बजट जारी करने के लिए मांग की। उन्होंने शहर में फैली गंदगी पर कहा कि रोहतक स्लम बन गया है। उन्होंने मांग नंबर 17 पर बोलते हुए कहा कि पिछले दिनों पीडब्ल्यूडी डिपार्टमेंट ने 25 करोड़ के साथ सभी विधानसभा क्षेत्र में अपनी-अपनी सड़क बनवाने के लिए कहा। उन्होंने रोहतक के शीला बाईपास का जिक्र करते हुए कहा कि वहां पुल के साथ एक सड़क जाती है, उसका लेवल घरों के लेवल से 2 फीट ऊंचा कर दिया गया है। उप मुख्यमंत्री को संबोधित करते हुए बत्रा ने कहा कि इस सड़क के ऊंचा होने से जो बरसात का पानी आएगा वह विशाल नगर में जाएगा। इस विषय में उन्होंने एसीएस से भी बात की थी और इसके लिए बजट भी उनके पास पेंडिंग है, अगर वे उसे जारी कर देंगे तो काफी सुविधा हो जाएगी। उन्होंने उपमुख्यमंत्री से इस कार्य के लिए 70 लाख जारी करने का आग्रह किया। इसी तरह किशनपुरा के साथ डीटूएम होटल के साथ नाल जा रहा है, जिसमें सभी सीवर के कनेक्शन हैं। उसके साथ लगते कैलाश कॉलोनी में सीवर की कोई लाइन नहीं है, वहां का समाधान भी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भविष्य में सुखपुरा चौक पर फलाई ओवर बनाया जाना प्रस्तावित है, ऐसे में बारिश का पानी पीर-बोधी तक पहुंचता नहीं है। बारिश जब होती है तो उसे इलाके में बाढ़ जैसी स्थिति हो जाती है।

### तिलयार की सड़क कब बनेगी



बत्रा ने विधानसभा में पूछा कि कोई बताएं कि यह तिलयार पर्यटन केंद्र के सामने की सड़क आखिर कब पूरी होगी। उन्होंने कहा कि उन्होंने बार-बार इस मामले में सवाल उठाया, वहां बुरा हाल था और अब सड़क बनी है, तो अब भी सही नहीं बनी है। मस्त नाथ नगर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि एक सड़क वहां ( सिंहासन बैंक्विट हॉल) जाती है, पता नहीं वह सड़क किस विभाग की है, इसका फैसला विभाग आपस में करें लेकिन 5 साल से वह सड़क टूटी पड़ी है।

### डेयरी कॉम्प्लेक्स का मामला गूंजा

डिमांड नंबर 20 पर बोलते हुए उन्होंने डेयरी कांप्लेक्स का मामला प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि जिन विभागों की मांगों पर आज सदन मे बात हो रही है उन विभाग के अधिकारियों को यहां जरूर उपस्थित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि रोहतक के डेयरी कोम्प्लेक्स का बहुत बुरा हाल है। विधायक ने कहा कि काफी समय से सुना जा रहा है कि मुख्यमंत्री की तरफ से 14 करोड़ रुपये वहां भेजे जाने हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि वह जनहित में यह 14 करोड रुपये जारी कर दें। इसके साथ ही बत्रा ने कच्चा बेरी रोड के मामले को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि इस इलाके का बहुत बुरा हाल है। उन्होंने कहा कि फलाईओवर भले ही बन गया हो लेकिन नीचे वालों की बहुत बुरी दुर्दशा हो रही है।